विद्या - भवन बालिका विद्यापीठ, लखीसराय

वर्ग - द्वितीय विषय - हिंदी

एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित

दिनांक - 08 - 09- 2021

कृष्ण सुदामा

सुप्रभात बच्चों ,

आज की कक्षा में आपको अभ्यास कार्य करना है, जो इस प्रकार है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

क. कृष्ण कहां के राजा बने?

उत्तर = कृष्ण द्वारिका के राजा बने।

ख. सुदामा का मन डावांडोल क्यों हो रहा था?

उत्तर = सुदामा का मन इसलिए डावांडोल हो रहा था कि कृष्ण अब इतने बड़े राजा हो गए हैं अगर उन्होंने ना पहचाना तो।

ग. कृष्ण ने मित्र का मान कैसे रखा?

उत्तर = कृष्ण ने मित्र का मान सुदामा की सहायता करके रखा।

घ. सुदामा की पत्नी ने सुदामा से क्या कहा?

उत्तर = सुदामा की पत्नी ने उनसे से कहा - आप बहुत बार कह चुके हैं कि द्वारिका के राजा श्री कृष्ण आपके मित्र हैं। आप उनके पास क्यों नहीं जाते वह जरूर आपकी मदद करेंगे।

ङ. सुदामा कृष्ण के लिए क्या उपहार ले गए?

उत्तर= सुदामा कृष्ण के लिए चावल उपहार में ले गए।

च. घर पहुंचकर सुदामा ने क्या चमत्कार देखा?

उत्तर= घर पहुंचकर सुदामा ने यह चमत्कार देखा कि जहां उनकी टूटी फूटी झोपड़ी थी, वहां अब महल खड़ा था।

गृहकार्य

दिए, गए अध्ययन सामग्री को लिखे तथा याद करें-

****

ज्योति